Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 27-02-2006
Participants : Patel Shri Dahya Bhai V.

Title : Regarding the need to construct an over bridge at Balitha railway crossing and widen the existing under bridge at Karambeli Railway level crossing in Vapi, Gujarat.

श्री दाह्याभाई वल्लभभाई पटेल (दमन और दीव) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय का ध्यान वापी, गुजरात में बलीठा रेलवे क्रासिंग पर उपरिपुल के निर्माण तथा कारमबेली रेलवे लेवल क्रासिंग पर स्थित अंडर ब्रिज को चौड़ा करने की शीघ्र आवश्यकता की ओर दिलाना चाहता हूं। राट्रीय राजमार्ग संख्या 8 से बलीठा रेलवे क्रासिंग होते हुए भारी वाहन ट्रैफिक दाभेल से दमन में प्रवेश करता है। बलीठा रेलवे क्रासिंग होते हुए भारी वाहन ट्रैफिक दाभोल से दमन में प्रवेश करता है। बलीठा रेलवे क्रासिंग के मुम्बई-अहमदाबाद मुख्य रेल लाइन पर होने के कारण यह रेलवे फाटक अधिकतर बंद रहता है जिसके कारण इसके दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। दाभोल, सोमनाथा तथा दमन में काचीगांव से राट्रीय राजमार्ग संख्या 8 के लिए बलीठा रेलवे क्रासिंग एक मुख्य सम्पर्क मार्ग है। इसलिए, इस रेलवे क्रासिंग पर उपरिपुल बनाए जाने की तुरंत आवश्यकता है। इसी प्रकार कारमबेली रेलवे फाटक भी मुम्बई-अहमदाबाद मार्ग का महत्वपूर्ण सम्पर्क मार्ग है।

इसलिए, मेरा सरकार से अनुरोध है कि पश्चिम रेलवे के अंतर्गत बलीठा रेलवे क्रासिंग पर उपरिपुल के निर्माण और कारमबेली रेलवे क्रासिंग के विस्तार हेतु सर्वेक्षण कार्य आरंभ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को शीघ्र जारी किए जायें ताकि आम लोगों के समक्ष आ रही कठिनाइयों को दूर किया जा सके।